संख्या-538/2018/1963/69-1-18-77(आसरा-83)/2015

प्रेषक,

अनिल कुमार बाजपेयी,
विशेष सचिव
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

निदेशक,
राज्य नगरीय विकास अभिकरण,
उ0प्र0, लखनऊ।

नगरीय रोजगार एवं गरीबी
उन्मूलन कार्यक्रम विभाग।

लखनऊ : दिनांक :26 अक्टूबर, 2018

विषयः शहरी गरीबों के लिये अल्पसंख्यक बाहुल्य क्षेत्रों तथा नगरीय मलिन बस्तियों में "आसरा योजना"(आवासीय भवन) के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2018-19 में अनुदान संख्या-83 से जनपद-अमरोहा की निकाय-हसनपुर की अनुसूचित वर्ग के लाभार्थियों के 16 आवासों की 01 परियोजना हेतु द्वितीय किश्त की वित्तीय स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-4168/189/10/छः/विविध/आसरा/तक0(अमरोहा-हसनपुर-36), दिनांक 11.10.2018 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शहरी गरीबों के लिए अल्पसंख्यक बाहुल्य क्षेत्रों तथा नगरीय मलिन बस्तियों में "आसरा योजना" (आवासीय भवन) के अन्तर्गत अनुदान संख्या-83 से जनपद-अमरोहा की निकाय-हसनपुर की 36 आवासों के सापेक्ष अनुसूचित वर्ग के 16 आवासों की 01 मूल परियोजना हेतु शासनादेश संख्या-715/2015/1737/69-1-15-77(आसरा-83)/2015, दिनांक 31 जुलाई, 2015 द्वारा रू0 82.03 लाख की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति सहित प्रथम किश्त के रूप में परियोजना लागत का 50 प्रतिशत अर्थात रू0 41.015 लाख की वित्तीय स्वीकृति जारी की गयी थी। अतएव उक्त परियोजना हेतु द्वितीय/अंतिम किश्त के रूप में परियोजना लागत का 50 प्रतिशत अर्थात् निम्नलिखित तालिका के स्तम्भ-7 में अंकित रू0 41.015 लाख (रूपये इकतालिस लाख एक हजार पाँच सौ मात्र) की श्री राज्यपाल महोदय अधोलिखित शर्तों/प्रतिबन्धों के अधीन सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

(धनराशि लाख रूपये में)

| क्र0 सं0 | जनपद/ निकाय का नाम/ कुल आवासों की संख्या | परियोजना की कुल लागत (अवस्थापना सुविधाओं सहित) | अनुसूचित वर्ग के लाभार्थियों के आवासों की संख्या | अनुसूचित वर्ग के लाभार्थियों के आवासों हेतु परियोजना की मूल आवासीय लागत (अवस्थापना सुविधा व अन्य चार्जज सुविधाओं सहित) | परियोजना-न्तर्गत प्रथम किश्त के रूप में कुल अवमुक्त धनराशि (अवस्थापना सुविधा व अन्य चार्जज सहित) | द्वितीय/अंतिम किश्त (50 प्रतिशत)के रूप में स्वीकृत की जा रही धनराशि। (अवस्थापना सुविधा व अन्य चार्जज सहित) (5-6) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | अमरोहा/ हसनपुर-36 आवास | 184.58 | 16 | 82.03 | 41.015 | 41.015 |

(रूपये इकतालिस लाख एक हजार पाँच सौ मात्र)।

1. उक्त धनराशि का व्यय आसरा योजना (आवासीय भवन) के सम्बन्ध में जारी दिशा-निर्देश विषयक शासनादेश संख्या-33/69-1-13-14(31)/2012टीसी(सी), दिनांक 16 जनवरी, 2013 एवं शासनादेश संख्या-1833/69-1-14-14(31)/2012टीसी(सी)दिनांक 09 सितम्बर, 2014 में दिये गये दिशा-निर्देश/ व्यवस्था का पूर्णरूपेण अनुपालन सुनिश्चित करते हुए की जायेगी। पात्र लाभार्थियों के नियमानुसार चयन का पूर्ण दायित्व जिलाधिकारी/अध्यक्ष, इडा तथा निदेशक, सूडा को होगा।

-2/

